## पाठ - मेरे बचपन के दिन

**शब्दार्थ**

1. **स्मृतियों** - यादों
2. **पीढ़ी** - कुल, वंश परंपरा में क्रम–क्रम से बढ़ने वाली संतान की प्रत्येक कड़ी
3. **परमधाम** - स्वर्ग
4. **विदुषी** - विद्वान स्त्री
5. **वश** - काबू
6. **मौलवी** - इस्लाम धर्म का आचार्य
7. **उपरांत** - बाद में
8. **मिशन स्कूल** - ईसाई द्वारा चलाए जाने वाले धार्मिक स्कूल
9. **मेस** - भोजन करने का स्थान
10. **छात्रावास** - वह स्थान जहाँ छात्र रहते हैं, जिसे हॉस्टल भी कहते हैं।
11. **साथिन** - सहेली
12. **दर्जे** - श्रेणी या स्तर
13. **सीनियर** - पद में बड़ा
14. **तुक** - शब्दों के अंत में एक जैसी ध्वनि का मेल, जैसे कविता में तुकबंदी।
15. **पद** - कविता का प्रकार
16. **प्रभाती** - सवेरे गाया जाने वाला गीत
17. **पत्रिका** - जिसमें लेख छपते हैं
18. **दर्पण** - आईना
19. **कवि-सम्मेलन** - कवियों की बैठक या आयोजन जहाँ वे अपनी कविताएँ सुनाते हैं
20. **प्रचार-प्रसार** - किसी चीज़ या विचार का फैलाव
21. **सत्याग्रह** - सत्य के प्रति आग्रह, गांधी जी द्वारा चलाया गया एक आंदोलन
22. **केंद्र** - मुख्य स्थान
23. **अध्यक्ष** - किसी सभा, बैठक, या संगठन का प्रमुख व्यक्ति
24. **पदक** - (प्रशंसासूचक पुरस्कार) सोने-चाँदी या अन्य धातु से बना हुआ गोल या चौकोर टुकड़ा जो किसी विशेष अवसर पर पुरस्कार के रूप में दिया जाता है।
25. **नक्काशीदार** - बेल-बूटे के काम से युक्त
26. **फूल** - ताँबे और राँगे के मेल से बनी एक मिश्र धातु
27. **मराठी** - महाराष्ट्र राज्य की मुख्य भाषा

egyanarchive

28.**उस्तानी** - एक महिला शिक्षक या गुरु

29.**इकड़े-तिकड़े** - इधर-उधर (मराठी भाषा के शब्द)

30.**सांप्रदायिकता** - विभिन्न धर्मों या समुदायों के बीच आपसी भेदभाव

31.**विद्यापीठ** - शिक्षा का स्थान

32.**नवाब** - मुस्लिम रियासतों के शासक

33.**कंपाउंड** - एक क्षेत्र जो दीवार से घिरा हो, जैसे किसी बंगले या स्कूल का प्रांगण।

34.**निराहार** - बिना कुछ खाए-पिए

35.**लहरिया** - रंग-बिरंगी धारियों वाली विशेष प्रकार की साड़ी जो सामान्यतः तीज, रक्षाबंधन आदि त्यौहारों पर पहनी जाती है।

36.**मुहर्रम** - इस्लामी वर्ष का पहला महीना

37.**नेग** - शगुन या पारंपरिक उपहार

38.**प्रोफ़ेसर** - विश्वविद्यालय या महाविद्यालय में पढ़ाने वाला वरिष्ठ अध्यापक

39.**वाइस चांसलर** - कुलपति

**प्रश्न अभ्यास**

1. 'मैं उत्पन्न हुई तो मेरी बड़ी खातिर हुई और मुझे वह सब नहीं सहना पड़ा जो अन्य लड़कियों को सहना पड़ता है।' इस कथन के आलोक में आप यह पता लगाएँ कि -

(क) उस समय लड़कियों की दशा कैसी थी ?

(ख) लड़कियों के जन्म के संबंध में आज कैसी परिस्थितियाँ हैं ?

**उत्तर-**

(क) उस समय लड़कियों की स्थिति अत्यंत दयनीय थी। उस समय का समाज पुरुष प्रधान था। पुरुषों को समाज में ऊँचा दर्जा प्राप्त था। पुरुषों के सामने नारी को अत्यंत हीन दृष्टि से देखा जाता था। इसका एक कारण समाज में व्याप्त दहेज-प्रथा भी थी। इसी कारण से लड़कियों के जन्म के समय या तो उसे मार दिया जाता था या तो उन्हें बंद कमरे की चार दीवारी के अंदर कैद करके रखा जाता था। शिक्षा को पाने का अधिकार भी केवल लड़कों को ही था। कुछ उच्च वर्गों की लड़कियाँ ही शिक्षित थी परन्तु उसकी संख्या भी गिनी चुनी थी। ऐसी लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

(ख) आज लड़कियों के जन्म के संबंध में स्थितियाँ थोड़ी बदली हैं। आज शिक्षा के माध्यम से लोग सजग हो रहें हैं। लड़का-लड़की का अंतर धीरे-धीरे हो रहा हैं। आज लड़कियों को लड़कों की तरह पढ़ाया-लिखाया भी जाता है। परंतु लड़कियों के साथ भेदभाव पूरी-तरह समाप्त नहीं हुआ है। आज भ्रूण-हत्याएँ हो रही हैं, इस लिए सरकार कड़े कानून बना रहीं है।

egyanarchive

2. लेखिका उर्दू-फ़ारसी क्यों नहीं सीख पाई ?

**उत्तर-** लेखिका को बचपन में उर्दू पढ़ने के लिए मौलवी रखा गया परन्तु उनकी इसमें रुचि न होने के कारण वो उर्दू-फारसी नहीं सीख पायी।

3. लेखिका ने अपनी माँ के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

**उत्तर-** लेखिका की माता अच्छे संस्कार वाली महिला थीं। वे धार्मिक स्वभाव की महिला थीं। वे पूजा-पाठ किया करती थीं। वे ईश्वर में आस्था रखती थीं। सवेरे "कृपानिधान पंछी बन बोले" पद गाती थीं। प्रभाती गाती थीं। शाम को मीरा के पद गाती थीं। वे लिखा भी करती थीं। लेखिका ने अपनी माँ के हिंदी-प्रेम और लेखन गायन के शौक का वर्णन किया है। उन्हें हिंदी तथा संस्कृत का अच्छा ज्ञान था। इसलिए इन दोनों भाषाओं का प्रभाव महादेवी पर भी पड़ा।

4. जवारा के नवाब के साथ अपने पारिवारिक संबंधों को लेखिका ने आज के संदर्भ में स्वप्न जैसे क्यों कहा है ?

**उत्तर-** पहले हिंदु- मुस्लिम को लेकर इतना भेदभाव नहीं था। हिंदु और मुस्लिम दोनों एक ही देश में प्रेम पूर्वक रहते थे। स्वतंत्रता के पश्चात् हिंदु और मुस्लिम संबन्धों में बदलाव आ गया है। आपसी फूट के कारण देश दो हिस्सों में बँट गया – पाकिस्तान मुस्लिम प्रधान देश के रुप में प्रतिष्ठित है तथा हिंदुस्तान में हिंदुओं का वर्चस्व कायम है। ऐसी परिस्थिति में हिंदु तथा मुस्लिम दो अलग-अलग धर्मों के लोगों का प्रेमपूर्वक रहना स्वप्न समान प्रतीत होता है।

**रचना और अभिव्यक्ति**

5. ज़ेबुन्निसा महादेवी वर्मा के लिए बहुत काम करती थी। ज़ेबुन्निसा के स्थान पर यदि आप होतीं / होते तो महादेवी से आपकी क्या अपेक्षा होती ?

**उत्तर-** अगर में ज़ेबुन्निसा के जगह पर होता/होती तो में उनसे प्रेम और आदर की अपेक्षा रखता/रखती। उनसे पढाई में सहयोग प्राप्त करना और कविता-काव्य लिखने का प्रोत्साहन पाना चाहता/चाहती।

6. महादेवी वर्मा को काव्य प्रतियोगिता में चाँदी का कटोरा मिला था। अनुमान लगाइए कि आपको इस तरह का कोई पुरस्कार मिला हो और वह देशहित में या किसी आपदा निवारण के काम में देना पड़े तो आप कैसा अनुभव करेंगे / करेंगी ?

**उत्तर-** हमारा भी देश के प्रति कई कर्तव्य हैं। अगर मुझे भी देशहित या आपदा निवारण के सहयोग में अपने पुरस्कार को त्याग करना पड़े तो इसमें मुझे प्रसन्नता होगी। आखिर मेरा कुछ तो देश या लोगो के काम आ पाया। देश प्रेम के आगे पुरस्कार का कोई मूल्य नहीं।

egyanarchive

7. लेखिका ने छात्रावास के जिस बहुभाषी परिवेश की चर्चा की है उसे अपनी मातृभाषा में लिखिए।

**उत्तर-** लेखिका "महादेवी वर्मा" के छात्रावास का परिवेश बहुभाषी था। कोई हिंदी बोलता था तो किसी की भाषा उर्दू थी। वहाँ कुछ मराठी लडकियाँ भी थीं, जो आपस में मराठी बोलती थीं। अवध की लड़कियाँ आपस में अवधी बोलती थीं। बुंदेलखंड की लड़कियाँ बुंदेली में बात करती थीं। अलग-अलग प्रांत के होने के बावजूद भी वे आपस में हिंदी में ही बातें करती थीं। छात्रावास में उन्हें हिंदी तथा उर्दू दोनों की शिक्षा दी जाती थी।

**भाषा अध्ययन**

10. पाठ से निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द ढूँढ़कर लिखिए - विद्वान, अनंत, निरपराधी, दंड, शांति।

**उत्तर-**

1. विद्वान - मूर्ख
2. अनंत - संक्षिप्त
3. निरपराधी - अपराधी
4. दंड - पुरस्कार
5. शांति - अशांति

11. निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग/प्रत्यय अलग कीजिए और मूल शब्द बताइए -
निराहारी, साम्प्रदायिकता, अप्रसन्नता, अपनापन, किनारीदार, स्वतंत्रता

**उत्तर-**

1. निराहारी - निर् + आहार + ई
2. सांप्रदायिकता - सम्प्रदाय + इक + ता
3. अप्रसन्नता - अ + प्रसन्न + ता
4. अपनापन - अपना + पन
5. किनारीदार - किनारा + ई + दार
6. स्वतंत्रता - स्वतंत्र + ता

12. निम्नलिखित उपसर्ग-प्रत्ययों की सहायता से दो -दो-शब्द लिखिए -
उपसर्ग - अन्, अ, सत्, स्व, दुर्
प्रत्यय - दार, हार, वाला, अनीय

**उत्तर-**

1. अन् - अन्वेषण, अनशन

egyanarchive

2. अ - असत्य, अन्याय
3. सत् - सच्चरित्र, ,सत्कर्म
4. स्व - स्वराज, स्वाधीन
5. दुर् - दुर्जन, दुर्व्यवहार

प्रत्यय –
1. दार - किनारेदार, दुकानदार
2. हार - पालनहार, तारनहार
3. वाला - फलवाला, मिठाईवाला
4. अनीय - दर्शनीय, आदरनीय

13. पाठ में आए सामासिक पद छाँटकर विग्रह कीजिए - पूजा-पाठ पूजा और पाठ

**उत्तर-**

(1) पूजा-पाठ = पूजा और पाठ
(2) उर्दू-फ़ारसी = उर्दू और फ़ारसी
(3) पंचतंत्र = पाँच तंत्रों से बना है जो
(4) दुर्गा-पूजा = दुर्गा की पूजा
(5) छात्रावास = छात्रों का आवास

egyanarchive